कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सम्भल।

पत्र संख्या C-2042/जि0का0अ0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24, दिनांक 13 मार्च,2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च,2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद, सम्भल के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियॉ के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है :–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	असमोली	ग्रामीण	25
2	बहजोई	ग्रामीण	19
3	बनियाखेड़ा	ग्रामीण	81
4	गुन्नौर	ग्रामीण	14
5	जुनावई	ग्रामीण	12
6	पवांसा	ग्रामीण	24
7	रजपुरा	ग्रामीण	08
8	सम्भल	ग्रामीण	23
कुल योगः–			206

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड़ है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 03.04.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।

7. उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय, विकास खण्ड परिसर पवांसा, जनपद–सम्भल से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राकेश चन्द्र मौर्य)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सम्भल।

पृष्ठांकन संख्या C-2042 **तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, सम्भल।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल।
4. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, सम्भल।
5. समस्त तहसीलदार, सम्भल।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सम्भल।
7. जिला सूचना अधिकारी, सम्भल को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्र, अमर उजाला एवं दैनिक जागरण में कम से कम स्पेस तथा न्यूनतम दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम्भल।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
10. कार्यालय प्रति।

RCmaurya

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सम्भल।